प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है नव वर्ष 2026 : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा– डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों से नए कीर्तिमान स्थापित करेगा उत्तर प्रदेश।
2. नए साल के पहले दिन वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, अयोध्या समेत राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर उमड़े श्रद्धालु : प्रशासन ने किए सुरक्षा के खास इंतजाम।
3. प्रदेशभर में जीरो फेटेलिटी लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आज से शुभारंभ : बदायूँ में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ, कहा– जागरूकता व यातायात नियमों की जानकारी से सड़क दुर्घटनाओं में हो सकती है कमी। और
4. सरकार न बिजली बिल राहत योजना 2025 के पहले चरण की अवधि को तीन दिन के लिए बढ़ाया : 3 जनवरी तक उपभोक्ताओं को होगा लाभ।

———————

प्रदेश भर में नव वर्ष 2026 धूमधाम स मनाया जा रहा है। लोगों ने उत्साह, प्रार्थनाओं और सार्वजनिक समारोह के साथ नए साल का स्वागत किया। राज्यपाल आनंदीबेन

पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने आज लखनऊ में राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नववर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नया उत्तर प्रदेश विकसित भारत की विकास यात्रा में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। प्रदेश में संचालित विकास एवं जन–कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश वासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष–2026 में डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों से उत्तर प्रदेश समृद्धि, सुशासन और सर्वांगीण प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने नव वर्ष के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दीं।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेश में आपसी सद्भाव प्रेम व भाईचारे की भावना को बलवती बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की बधाई दी है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश वासियों को वर्ष 2026 की बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आने वाला नया वर्ष आप सबके जीवन में खुशियां लाए। इस वर्ष आपने जो–जो लक्ष्य तय किए हैं, प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रार्थना करता हूं। आप सबके वह लक्ष्य पूरे हो। आप सब उत्तर प्रदेश के साथ–साथ प्रगति के पद पर आगे बढ़ें।*

नव वर्ष के अवसर पर राज्य के अलग अलग जनपदों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी लखनऊ के चिड़ियाघर समेत छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमाम बाड़ा, रूमी गेट, पिक्चर गैलरी घंटाघर सहित सभी ऐतिहासिक इमारतों पर लोगों की भीड़ है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नव वर्ष मनाने के लिए सैकड़ों सैलानी पहुंचे हैं। वहीं आगरा में ताजमहल देखने के लिए देसी विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी है। सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रदेश भर में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। लखनऊ में ट्रैफिक पुलिस ने एहतियात के तौर पर मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है।

नए साल के पहल दिन लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने चारबाग क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि नव वर्ष को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। बाइट.....

*यहां पर रेलवे स्टेशन भी नजदीक है तो काफी भीड़–भाड़ होती है। बाहर से भी काफी लोग आते हैं। इसको देखते हुए हम लोग आज यहां बृहद चेकिंग अभियान चला रहे हैं जो कि लगातार अनवरत जारी भी रहेगा। साथ–साथ जो यहां पर होटल हैं, उनकी भी चेकिंग की जा रही है। उनके*

*डॉक्यूमेंट चेक किए जा रहे हैं। जो उनके मैंडेटरी डॉक्यूमेंट उनको मेंटेन करने होते हैं, डॉक्यूमेंटेशन होता है, वह सब भी चेक किए जा रहे हैं और कहीं भी कोई गड़बड़ी पाई जाएगी तो इसमें कार्रवाई भी की जाएगी।*

————————

वर्ष 2026 के पहले दिन आज वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, अयोध्या समेत प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शनपूजन कर रही है। इसको देखते हुए सुरक्षा और यातायात के खास इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या में बड़ी संख्या में भक्त श्री रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नववर्ष की पहली सुबह से ही लाखों की संख्या मे श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनकभवन समेत प्रमुख मंदिरों में दर्शन–पूजन कर नए वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं। राममंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली हुई नजर आ रही है। भक्तों में बड़ी संख्या में युवा भी भगवान रामलला के दर्शन कर अपने नए साल की शुरुआत कर रहे हैं। अयोध्या के संत–महात्माओं का कहना है कि यही राम राज्य की वास्तविक शुरुआत है। वहीं प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के चौथे दिन आज रामचरित मानसका पाठ किया गया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने अयोध्या में सुरक्षा के विशेषप्रबंध किए हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

नए वर्ष के अवसर पर वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम सहित सभी मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। आज सुबह से ही भक्तगण बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन की ओर से लागू प्रोटोकॉल के तहत विशेष दर्शन और स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध है।

लखनऊ के प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों और जैन धार्मिक स्थलों पर भी लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। अलीगंज स्थित नए हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद ने बताया कि मंदिर को 501 किलो फूलों से सजाया गया। मनकामेश्वर मंदिर में सुबह शोभायात्रा निकाली गई।मथुरा में भक्त सुबह से श्री बांके बिहारी के दर्शन कर रहे हैं।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में आज से  जीरो फेटेलिटी लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हुआ। 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान 4 ई मॉडल–"शिक्षा, प्रवर्तन, अभियंत्रण और आपातकालीन देखभाल" पर ध्यान दिया जाएगा। इसी क्रम में आज बदायूँ में केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई व जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जनचेतना, जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी व उसके अनुपालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। चित्रकूट में भी पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जन जागरूकता एवं प्रचार वाहन का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वहीं मैनपुरी और हापुड़ में सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पीलीभीत में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अभियान का शुभारंभ किया।

---------

प्रदेश भर में बिजली बिल राहत योजना 2025 के प्रथम चरण की अवधि को तीन दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। पहले चरण के अंतिम दिन देर रात तक चले राहत शिविरों में उमड़ी भारी भीड़, आमजन की व्यापक भागीदारी और योजना के प्रति गहरी रुचि को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने यह निर्णय लिया। उपभोक्ता 3 जनवरी तक इसका लाभ उठा सकते हैं।

---------

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता

2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता 2020 शामिल हैं। इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य  श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इन मसौदा नियमों पर 45 दिन के अंदर सभी हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।.....

*श्रम मंत्रालय ने देश में दशकों से चल रहे मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और सुव्यवस्थित करने के लिए पिछले वर्ष 21 नवंबर को इन चार नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की घोषणा की थी। मंत्रालय के अनुसार, नई श्रम संहिताएँ देश के कार्यबल के लिए बेहतर मजदूरी, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगी। ये सुधार 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित करते हैं, दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।*

---

प्रदेश के कई जिलों में आज धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली वहीं कुछ जिलो में घने काहरे और ठंड का प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के अधिकांश जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)